जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल कोर्ट, प्रतापगढ़।

प्रेस नोट

पत्रांक: 190/22 दिनांक: 26-04-2022

विषय: स्थायी लोक अदालत प्रतापगढ़ में सदस्यों के चयन हेतु साक्षात्कार के सम्बन्ध में।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या–1838/एसएलएसए–49/2016 (हैदर/आर0के0एम) दिनांकित 02.08.2021 एवं माननीय जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,प्रतापगढ़ के आदेश के अनुक्रम में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार जनपद में गठित स्थायी लोक अदालत के सदस्यों के चयन हेतु इस कार्यालय को अभ्यर्थियों के आवेदन प्राप्त है। प्राप्त आवेदन पत्रों में उक्त सदस्य के पदों पर चयन हेतु उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक 31.05.2022 को प्रातः 11 बजें जनपद न्यायालय, प्रतापगढ़ के प्रागंण में वीडियों कान्फ्रेसिंग कक्ष में साक्षात्कार की तिथि सुनिश्चित की गई है, जिसमें आप समस्त आवेदक की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः उक्त पद पर सदस्यों के चयन हेतु आवेदक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र के साथ नियत साक्षात्कार तिथि दिनांक 31.05.2022 को प्रातः 10 बजें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल कोर्ट प्रतापगढ़ के कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

दिनांक: 26.04.2022

26/04/022

(नीरज कुमार त्रिपाठी)
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
प्रतापगढ़।